Drawing Competition Organised by Dainik Jagran

Published on: JULY, 7th, 2020 – DAINIK JAGRAN

Sneha Asthana of class VI participated in the drawing competition organized by Dainik Jagran on 7th July 2020 and won third prize in Senior Category.

बच्चों की कूची से निकला बड़ा संदेश



शोणिमा पांडे, प्रथम सीनियर वर्ग

काशवी, द्वितीय सीनियर वर्ग

स्नेहा अस्थाना, तृतीय सीनियर वर्ग


प[illegible], सांत्वना पुरस्कार सीनियर वर्ग

अप्रमेय वर्मा, प्रथम जूनियर वर्ग

अजिंक्य, द्वितीय जूनियर वर्ग

कैरव सिन्हा, तृतीय जूनियर वर्ग

शरण्य, सांत्वना पुरस्कार जूनियर वर्ग

कोई धरा को हरा करने के लिए फिक्रमंद था, तो किसी ने प्रदूषित नदियों को लेकर चिंता जताई। वायु प्रदूषण और शोर का जोर भी चित्रों में बखूबी दिखा। बच्चों की कूची से पर्यावरण संरक्षण का बड़ा संदेश निकला। रोहतास वृंदावन अपार्टमेंट विकास नगर में दैनिक जागरण की ओर से चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें अपार्टमेंट में रहने वाले बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता को दो वर्गों में विभाजित किया गया था। इसमें एक से 10 वर्ष के बच्चों ने पर्यावरण थीम और 11 से 17 वर्ष के बच्चों ने सकारात्मक नजरिया थीम पर चित्रकारी की।

जज की भूमिका में एक संस्थान की प्रोजेक्ट मैनेजर तन्मय चतुर्वेदी, शिक्षिका नीलम सिंह और राजेश गुप्ता मौजूद रहे। दोनों वर्गों में तीन-तीन विजेता और एक सांत्वना पुरस्कार दिया गया। एक से 10 वर्ष में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में अप्रमेय वर्मा को पहला, अजिंक्य जायसवाल को दूसरा और कैरव सिन्हा को तीसरा पुरस्कार मिला। वहीं शरण्य को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। 11 से 17 वर्ष में शोणिमा पांडेय को पहला, काशवी सिन्हा को दूसरा, स्नेहा अस्थाना को तीसरा और परा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। साथ ही भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

विकास नगर स्थित रोहतास वृंदावन अपार्टमेंट में दैनिक जागरण की ओर से आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चे • जागरण